


बातचीत के लिए

1. क्या आपने कभी वोट दिया है? 2. क्या आपने कभी कोई चुनाव लड़ा है? 3. वोट देने और चुनाव के लिए खड़े होने में क्या फ़र्क है? 4. किस उम्र से मतदान का अधिकार मिलता है? 5. क्या आपको मतदान करने में कभी कोई दिक्कत आई है?


विद्यालय
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
5
आपका मतदान लोकतंत्र

6 मतदान

हम सीखेंगे

घ ध ढ ढ़ क्ष

- तीन अंकों वाली संख्याओं का जोड़ और घटा करना
- गुणा के तथ्यों का निर्माण करना
- लंबाई की माप (सेंटीमीटर, मीटर)


■ चित्र से अनुमान लगाकर पढ़िए—



मतदान केंद्र



मतदान



ई.वी.एम. मशीन



चुनाव अधिकारी


© NCERT not to be republished



उम्मीदवार



पहचान-पत्र



मतदान सूची




चुनावी स्याही

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों से बारी-बारी से सभी चित्रों की पहचान करवाएँ। चित्रों के नीचे उनसे संबंधित शब्द दिए गए हैं। उनसे चित्र के नीचे दिए गए शब्द पढ़ने के लिए कहें।

© NCERT not to be republished

■ पढ़िए और अक्षर लिखिए—

घ



आज के अखबार में एक बड़ी दुर्घटना की खबर है।


घर	घटा	घाट	घोड़ा	कंघी
घुटना	घुन	घूँसा	घिसना	बाघिन
घूमना	घूँट	घेरा	घिनौना	घीया

© NCERT not to be republished

ए

ए

■ चित्र देखिए और शब्द लिखिए—











© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश— शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें और उनसे अक्षर लिखवाएँ। दी गई जगह पर चित्र का नाम लिखवाएँ।

■ पढ़िए और अक्षर लिखिए—

ध



धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय,
माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आए फल होय।

— *कबीर*

धक्का	धड़कन	दूध	धौलपुर	धौंस
धुआँ	धुंध	धूल	आँधी	अधिक
गधा	अधूरा	धेला	धौंकनी	धोना
आधा	उधेड़ना	धीरज	बाँधना	कंधा


© NCERT not to be republished

■ चित्र देखिए और शब्द लिखिए—









© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश— शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। उनसे अक्षर लिखवाएँ। दी गई जगह पर चित्र का नाम लिखवाएँ।

■ पढ़िए और अक्षर लिखिए—


ढ


बगल में छोरा,
नगर में ढिंढोरा


ढलान	ढाँचा	ढीठ	मेंढक	ढेर
ढीला	ढूँढ़ना	ढेला	ढोंग	ढुलाई
ढकना	ढोकला	ढीली	ढिबरी	ढोल

© NCERT not to be republished

■ चित्र देखिए और शब्द लिखिए—







© NCERT not to be republished

शिक्षक-निर्देश— शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। उनसे अक्षर लिखवाएँ। दी गई जगह पर चित्र का नाम लिखवाएँ।

■ पढ़िए और अक्षर लिखिए—

ढ़

पढ़ना लिखना सीखो,
ओ मेहनत करने वालो!

—सफ़दर हाश्मी


पढ़ना	बाढ़	गाढ़ा	कढ़ाई	बढ़ाई	बूढ़ा
बढ़ो	पढ़ो	चढ़ो	बढ़िया	बढ़ई	चढ़ी
पढ़ाई	चढ़ाई	पढ़ाना	गढ़	पीढ़ा	सीढ़ी

© NCERT not to be republished

■ चित्र देखिए और शब्द लिखिए—









शिक्षक-निर्देश— शब्द पढ़ने में सहभागियों की मदद करें। उनसे अक्षर लिखवाएँ। दी गई जगह पर चित्र का नाम लिखवाएँ।

© NCERT not to be republished

■ पढ़िए और अक्षर लिखिए—



क्ष

बच्चों को राक्षसों की कहानियाँ पसंद आती हैं।

क्षमा	कक्ष	शिक्षा
परीक्षा	राक्षस	शिक्षित

© NCERT not to be republished

■ चित्र देखिए और शब्द लिखिए—





© NCERT not to be republished

आप एक वोटर हैं

■ आपका नाम वोटर सूची में शामिल हो सकता है, अगर आप—




भारतीय नागरिक हैं।



मतदान क्षेत्र के निवासी हैं।



आपकी उम्र उस वर्ष की 1 जनवरी को 18 साल की हो चुकी हो।



वह व्यक्ति वोट नहीं दे सकते जो दिमागी तौर से स्वस्थ नहीं हैं या फिर चुनाव से जुड़े किसी अपराध में शामिल हैं।

NOTA—अगर आप किसी भी उम्मीदवार को वोट नहीं देना चाहते तो NOTA वाले बटन को दबाएँ।

प्रश्न 1. क्या आपके पास वोटर कार्ड है?

प्रश्न 2. आपके मतदान क्षेत्र का नाम क्या है?


प्रश्न 3. वोट देने के लिए आपके पास क्या-क्या होना चाहिए?

शिक्षक-निर्देश— मतदान से जुड़ी कुछ बातें ऊपर दी गई हैं। सहभागियों से पढ़ने को कहें। ज़रूरत पड़ने पर मदद करें।

© NCERT not to be republished

■ वोटर कार्ड को देखिए और प्रश्नों के जवाब लिखिए—





प्रश्न 1. वोटर कार्ड में दी गई जानकारी किन भाषाओं में है?

प्रश्न 2. आपका वोटर कार्ड किन भाषाओं में है?

प्रश्न 3. क्या वोटर कार्ड में आपकी विवाह संबंधी जानकारी दी गई है?

प्रश्न 4. पुरुष अथवा महिला की पहचान किससे की गई है, पिता से या पति से?

प्रश्न 5. क्या पत्नी से पुरुष की पहचान नहीं होती?

© NCERT not to be republished

प्रश्न 6. अपने वोटर कार्ड को देखकर उसमें दी गई जानकारी की सूची बनाइए—

क्र.सं.	जानकारी
1.	मतदाता का नाम
2.	
3.	लिंग
4.	
5.	
6.	
7.	
8.	

मतदाता पहचान पत्र भारत के सभी नागरिकों जिनकी उम्र 18 या 18 से अधिक है, उनके लिए जारी किया जाता है। मतदाता पहचान-पत्र भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया जाता है।

चर्चा कीजिए—

- वोट देना क्यों ज़रूरी है?
- लोकतंत्र किसे कहते हैं?
- आप कब-कब वोट देते हैं?
- वोट देने से पहले आप क्या-क्या सोचते हैं और क्यों?

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों से मतदान और उससे जुड़ी आवश्यक बातों पर चर्चा करें। वोट के अधिकार विशेष और उसके सही प्रयोग पर बल दें।

© NCERT not to be republished

■ वोट देने की तैयारी—



मतदान के दिन छुट्टी दी जाती है तो आपको काम पर जाने की भागदौड़ नहीं करनी है।

अपना नाम मतदाता सूची में देख लें। यह आप चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर भी देख सकते हैं।





घर से निकलते समय अपना मतदाता पहचान-पत्र (वोटर कार्ड) ले जाना न भूलें। पर मोबाइल, कैमरा आदि लेकर न जाएँ। मतदान केंद्र में ये चीज़ें ले जाने की अनुमति नहीं है।





मतदान केंद्र के बाहर कतार में खड़े हों। आप ज़रूर चाहेंगे कि अगर किसी के लिए कतार में खड़े रहना मुश्किल है तो आप उन्हें वोट पहले डालने दें।

स्रोत— http://ecisveep.nic.in/gallery/image/1349-general-voters-guide/?context=new

© NCERT not to be republished

ध्यान से देखिए, पढ़िए और आपस में चर्चा कीजिए—







मेरे शब्द—

शिक्षक-निर्देश— 'मतदान' विषय पर बातचीत कीजिए। सहभागियों से पूछकर इस विषय से जुड़े तीन-चार शब्द लिखिए। ये शब्द उनकी अपनी भाषा के भी हो सकते हैं, जैसे– 'वोट देना' के लिए 'वोट पड़ना' आदि।

© NCERT not to be republished

चुनाव में मतदान के पश्चात वोटों की गिनती की जाती है, जिसे मतगणना कहते हैं। सबसे अधिक वोट मिलने वाले को विजयी घोषित किया जाता है।



एक मतदान से संबंधित सूचना दर्शाई गई है—

लक्ष्मी – 200 वोट

विजय – 124 वोट

झुमरी – 176 वोट

डाले गए कुल वोट – 500

ऊपर दी गई सूचना को समझकर बताइए—

क. किसे सबसे अधिक वोट मिले हैं? _____

ख. सबसे कम वोट किसे मिले हैं? _____

ग. चुनाव में दूसरे स्थान पर कौन है? _____

घ. चुनाव में कुल कितने उम्मीदवार हैं? _____

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों को प्रोत्साहित करें कि वे विभिन्न संदर्भों में तीन अंकों में तुलना कर सकें तथा जोड़-घटाव करने के विविध तरीके खोजें और साथ ही दी गई जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकें।

© NCERT not to be republished


■ माप-तौल—

याद रखें—

1 से.मी. = 10 मि.मी.

100 से.मी. = 1 मीटर

1000 मी. = 1 कि.मी.



■ चुनाव की रेस में तो लक्ष्मी जीत गई थी। बताइए, बच्चों की रेस में कौन जीतेगी?

चित्र के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

क. दौड़ में सबसे पीछे कौन है?

ख. कितने मीटर और दौड़ने के बाद प्रियंका जीत सकती है?

ग. रूपा, झेलम से कितनी पीछे है?

घ. कमला, प्रियंका से कितनी पीछे है?


शिक्षक-निर्देश— अधिक दूरी को मापने के लिए किलोमीटर का प्रयोग करते हैं। कम दूरी को मापने के लिए मीटर तथा बहुत ही कम दूरी को मापने के लिए सेंटीमीटर का प्रयोग करते हैं। किलोमीटर को कि.मी., मीटर को मी. तथा सेंटीमीटर को से.मी. भी लिखते हैं। बहुत ही ज़्यादा छोटी लंबाई को मिलीमीटर में मापते हैं तथा इसे मि.मी. लिखते हैं।

© NCERT not to be republished

■ मापने के लिए अलग-अलग तरह के पैमाने होते हैं।

1 सेंटीमीटर





मापिए तथा माप को खाली स्थान में लिखिए—

जैसे—

- नाखून _____ से.मी.
- पेंसिल _____ से.मी.
- मोबाइल फोन _____ से.मी.
- दीवार पर ऐसे दो निशान लगाएँ जिनके बीच की दूरी 1 मीटर है।

■ सोचिए और खाली स्थान भरिए—

- दो शहरों के बीच की दूरी को हम _____ में मापते हैं।
- नाखून की चौड़ाई _____ में मापी जाती है।

शिक्षक-निर्देश— सहभागियों को आस-पास की वस्तुओं की लंबाई का अनुमान लगाने तथा वास्तविक मापन द्वारा सत्यापित करने का मौका दें। यह भी चर्चा करें कि बार-बार अनुमान लगाने से अनुमान सटीक हो जाता है।

© NCERT not to be republished